# 14 वाक्य-शुद्धि
## (Sentence-Correction)

वाक्य भाषा की अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई होता है। अतएव परिष्कृत भाषा के लिए वाक्य-शुद्धि का ज्ञान आवश्यक है। वाक्य-रचना में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय से संबंधित या अन्य प्रकार की अशुद्धियाँ हो सकती हैं। इन्ही को आधार बनाकर परीक्षा में प्रश्न पूछे जाते हैं।

नीचे कुछ उदाहरण दिए गए है। प्रत्येक वाक्य में रंगीन अक्षरों में छपे शब्द अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप कोष्ठक में दिया गया है।

### I. संज्ञा-संबंधी अशुद्धियाँ

1. हिन्दी के प्रचार में आज-भी बड़े-बड़े संकट हैं। *(बड़ी-बड़ी बाधाएँ)*
2. सीता ने गीत की दो-चार लड़ियाँ गायीं। *(कड़ियाँ)*
3. पतिव्रता नारी को छूने का उत्साह कौन करेगा। *(साहस)*
4. कृषि हमारी व्यवस्था की रीढ़ है। *(का आधार)*
5. प्रेम करना तलवार की नोक पर चलना है। *(धार पर)*
6. नगर की सारी जनसंख्या भूखी है। *(जनता)*
7. वह मेरे शब्दों पर ध्यान नहीं देता। *(मेरी बात पर)*
8. जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कथा चरितार्थ होती है। *(कहावत)*
9. मुझे सफल होने की निराशा है। *(आशा नहीं)*
10. इस समस्या की औषध उसके पास है। *(का समाधान)*
11. गोलियों की बाढ़। *(बौछार)*

(i) लिंग-संबंधी अशुद्धियाँ

1. परीक्षा की प्रणाली बदलना चाहिए। *(बदलनी)*
2. हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दिया गया। *(दी गयी)*
3. मुझे मजा आती है। *(आता)*
4. रामायण का टीका। *(की)*
5. देश की सम्मान की रक्षा करो। *(के)*
6. लड़की ने जोर से हँस दी। *(दिया)*
7. दंगे में बालक, युवा, नर-नारी सब पकड़ी गयीं। *(पकड़े गये)*

(ii) वचन-संबंधी अशुद्धियाँ

1. सबों ने यह राय दी। *(सब)*
2. उसने अनेक प्रकार की विद्या सीखीं। *(विद्याएँ)*
3. मेरे आँसू से रूमाल भींग गया। *(आँसुओं)*
4. ऐसी एकाध बातें सुनकर दुःख होता है। *(बात)*
5. हमारे सामानों का ख्याल रखियेगा। *(सामान)*
6. वे विविध विषय से परिचित हैं। *(विषयों)*
7. इस विषय पर एक भी अच्छी पुस्तकें नहीं है। *(पुस्तक)*

(iii) कारक-संबंधी अशुद्धियाँ

1. हमने यह काम करना है। *(हमें)*
2. मैंने राम को पूछा। *(से)*
3. सब से नमस्ते। *(को)*
4. जनता के अन्दर असंतोष फैल गया। *(में)*
5. नौकर का कमीज। *(की)*
6. मैंने नहीं जाना। *(मुझे)*
7. मेरे नये पते से चिट्ठियाँ भेजना। *(पर)*

### II. सर्वनाम-संबंधी अशुद्धियाँ

1. मेरे से मत पूछो। *(मुझ से)*
2. मेरे को यह बात पसंद नहीं। *(मुझे)*
3. तेरे को अब जाना चाहिए। *(तुझे)*
4. मैंने नहीं जाना। *(मुझे)*
5. आप आपका काम करो। *(अपना)*
6. जो सोवेगा वह खोवेगा। *(सो)*
7. आप जाकर ले लो। *(तुम)*
8. वह सब भले लोग हैं। *(वे)*
9. आँख में कौन पड़ गया ? *(क्या)*
10. मैं उन्होंके पिताजी से जाकर मिला। *(उनके)*

### III. विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ

1. उसे भारी प्यास लगी है। *(बहुत)*
2. जीवन और साहित्य का घोर संबंध है। *(घनिष्ठ)*
3. मुझे बड़ी भूख लगी है। *(बहुत)*
4. यह एक गहरी समस्या है। *(गंभीर)*
5. वहाँ भारी भरकम भीड़ जमा थी। *(बहुत या बहुत भारी)*
6. इसका कोई अर्थ नहीं है। *(कुछ भी)*
7. इस वीरान जीवन में। *(नीरस)*
8. उसकी बहुत हानि हुई। *(बड़ी)*
9. राजेश अग्रिम बुधवार को आएगा। *(आगामी)*
10. दूध का अभाव चिन्तनीय है। *(चिन्ताजनक)*

### IV. क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ

1. वह कुरता डालकर गया है। *(पहनकर)*
2. पगड़ी ओढ़कर आओ। *(बाँधकर)*
3. वह लड़का मोटर हाँक सकता है। *(चला)*
4. छोटी उम्र शिक्षा लेने के लिए है। *(पाने)*
5. वे दस-बारह पशु उठा ले गए। *(हाँक)*
6. राधा ने माला गूँध ली। *(गूँथ)*
7. अपना हस्ताक्षर लगा दो। *(कर)*
8. उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया। *(किया)*
9. हमें यह सावधानी लेनी होगी। *(बरतनी)*
10. वहाँ घना अँधेरा घिरा था। *(छाया)*

### V. अव्यय-संबंधी अशुद्धियाँ

1. यद्यपि वह बीमार था परन्तु वह स्कूल गया। *(तथापि)*
2. पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी है। *(विद्वतापूर्वक)*
3. आसानीपूर्वक यह काम कर लिया। *(आसानी से)*
4. शनैः उसको सफलता मिलने लगी। *(शनैः शनैः)*
5. एकमात्र दो उपाय हैं। *(केवल)*
6. यह पत्र आपके अनुसार है। *(अनुरूप)*
7. यह बात कदापि भी सत्य नहीं हो सकती। *(कदापि)*

8. वह अत्यन्त ही सुन्दर है। (अत्यन्त)
9. सारे देश भर में अकाल है। (सारे देश में)
10. मैं पहुँचा ही था जब कि वह आ गया। (कि)

## VI. पदक्रम-संबंधी अशुद्धियाँ

1. छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक फूलों की माला पहनाई। (फूलों की एक माला)
2. भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे। (पटना के चार व्यक्ति)
3. कई बैंक के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। (बैंक के कई कर्मचारियों)
4. आप जाएँगे क्या ? (क्या आप जाएँगे ?)

## VII. द्विरुक्ति/पुनरुक्ति-संबंधी अशुद्धियाँ

1. मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूँ बशर्ते कि तुम मेरा कहा मानो। (बशर्ते/शर्त है कि)
2. दरअसल में वह बहुत काइयाँ है। (दरअसल/असल में)
3. दरहकीकत में वह बहुत घाघ है। (दरहकीकत/हकीकत में)
4. फिलहाल में वह मुंबई गया है। (फिलहाल/हाल में)
5. मुख्तसर में 'गोदान' ग्रामीण जीवन का महाकाव्य है। (मुख्तसर)
6. मेरे मना करने के बावजूद भी वह चला गया। (बावजूद)
7. वह अभी शैशव अवस्था में है। (शैशव/शिशु अवस्था)
8. मध्यकालीन युग में कलाओं की बहुत उन्नति हुई। (मध्यकाल/मध्ययुग)
9. यौवनावस्था की बुराइयों से बचो। (यौवन/युवा अवस्था)
10. साहित्य के क्षेत्र में महिला लेखिकाओं की संख्या कम है। (लेखिकाओं/महिला लेखकों)
11. नौजवान युवकों को दहेज प्रथा का विरोध करना चाहिए। (नौजवानों/युवकों)
12. आपका भवदीय। (आपका/भवदीय)
13. प्रातःकाल के समय टहलना चाहिए। (प्रातःकाल/प्रातःसमय)
14. राजस्थान का अधिकांश भाग रेतीला है। (अधिकांश/अधिक भाग)
15. वे परस्पर एक दूसरे से उलझ पड़े। (परस्पर/एक दूसरे से)

## VIII. अधिकपदत्व-संबंधी अशुद्धियाँ

निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन अक्षरों में छपे पद अनावश्यक हैं—

1. मानव ईश्वर की सबसे उत्कृष्टतम कृति है।
2. हीन भावना से ग्रस्त मोहन अपने को दुनिया का सबसे निकृष्टतम व्यक्ति समझता है।
3. सीता नित्य गीता को पढ़ती है।
4. उसने गुप्त रहस्य प्रकट कर दिये।
5. माली जल से पौधों को सींच रहा था।

## IX. शब्द-ज्ञान-संबंधी अशुद्धियाँ

1. बाण बड़ा उपयोगी शस्त्र है। (अस्त्र)
2. लाठी बड़ा उपयोगी अस्त्र है। (शस्त्र)
3. चिड़ियाँ गा रही हैं। (चहक)
4. वह नित्य गाने की कसरत करता है। (का अभ्यास/ का रियाज)
5. सोहन नित्य दण्ड मारता है। (पेलता)
6. इस समय सीता की आयु सोलह वर्ष है। (उम्र/अवस्था)
7. धनीराम की सौभाग्यवती पुत्री का विवाह कल होगा। (सौभाग्यकांक्षिणी)
8. कर्मवान व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। कर्मवीर)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. वाक्य के अशुद्ध भाग (त्रुटिपूर्ण भाग) का चयन कीजिए: मैं पटना गया (a)/ तो उस समय (b)/मेरे पास (c)/केवल बीस रुपये मात्र थे। (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e).
2. वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए: राम राज्य में (a)/शेर और बकरी एक घाट (b)/पर पानी पीती थी। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).
3. राजा दशरथ को (a)/ चार पुत्र राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न (b)/ पैदा हुए थे। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).
4. एक वर्ष से मैं जिस पुस्तक की रचना में संलग्न था (a)/आज उसे छपे आकार में देखकर (b)/मेरी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).
5. छायावाद के युग में (a)/राष्ट्रवादी विचारधारा के (b)/उन्नत स्वर (c)/ सुनने को मिलता है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e).
6. आज भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में (a)/ शिष्टाचार के रूप में (b)/जाना जाता है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(लेखाकार परीक्षा, 1997)*
7. राम के धनुष भंग करते ही (a)/ दूसरे राजाओं के (b)/वक्ष पर साँप लोटने लगे। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1997)*
8. जब पृथ्वी पर पाप और अत्याचार बढ़ते हैं (a)/तब ईश्वर किसी-न-किसी महापुरुषों के रूप में (b)/पृथ्वी पर अवतार लेता है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(लेखाकार परीक्षा, 1997)*
9. अपराधी और(a)/ निरपराधी का (b)/अन्तर करना (c)/कठिन है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 1997)*
10. दीपावली पर कुछ लोग (a)/ चमचमाती चाँदी के बर्तन (b)/खरीदने का लोभ संवरण न कर सके। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1997)*
11. चन्द्रमा की स्वच्छ चाँदनी (a)/जगती तल में, (b)/पृथ्वी तल और आकाश में फैली हुई हैं। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(लेखाकार परीक्षा, 1997)*
12. स्वतन्त्रता-संग्राम में प्राण गँवाने वाले (a)/वीरों के सम्मान में सरकार ने (b)/एक दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(असिस्टेंट ग्रेड, 1997)*
13. महात्माओं का (a)/वैराग भी समय (b)/के परिवर्तन की अपेक्षा (c)/नहीं रखता। (d) कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 1997)*
14. जीवन पथ पर (a)/हमें सतत रूप से (b)/चलते रहना चाहिए। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(लेखाकार परीक्षा, 1997)*
15. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
    (a) नेताओं का हित इसमें है कि लोग आपस में लड़ाते रहें।
    (b) नेताओं का हित इसमें है कि लोग आपसी लड़ाई से दूर उलझे रहें।
    (c) नेताओं का हित इसमें है कि लोग आपस में लड़ते रहें।
    (d) नेताओं का हित इसमें है कि लोग उनसे लड़ते रहें। *(रेलवे, 1997)*
16. प्रत्येक देशवासियों को (a)/देश की सेवा में (b)/तन, मन, धन अर्पण करना चाहिए। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1998)*

17. आतंकवाद शायद एक दिशाहीन (a)/उद्देश्यहीन अंधेरा है (b)/जो विश्व शांति एवं प्रगति को निगल रहा है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1998)*

18. तुम कक्षा में आते हो (a)/तो तुम्हारी पुस्तक (b)/साथ क्यों नहीं लाते ? (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1998)*

19. गुणी मनुष्य कहता है (a)/कि मैं विविध प्रकार के दु:खों को (b)/ सहन करके भी दु:खी नहीं हूँ। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1998)*

20. फूल में सुगंध (a)/होती है और(b)/ तितली के पास सुन्दर पंख। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1998)*

21. स्त्री का हृदय गुलाब की पंखुड़ियों की तरह (a)/अत्यन्त कोमल(b)/ एवं संवेदनशील होता है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(ग्राम पंचायत परीक्षा, 1998)*

22. जब तक तुम अपने अभिप्राय का अभिप्रेत (a)/स्पष्ट रूप से नहीं कहते (b)/ मैं तुम्हारी सहायता नहीं कर सकूँगा (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(ग्राम पंचायत परीक्षा, 1998)*

23. मैं आज सुबह (a)/आपके घर गया था/(b) किन्तु तुम घर (c)/ पर नहीं मिले। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(बी० एड०, 1999)*

24. प्रत्येक देशवासी को विभिन्नता में (a)/एकीकरण करने की शक्ति को उजागर करने वाले (b)/तत्वों की पहचान करनी चाहिए। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 1999)*

25. रेखा ने अमित को आवाज लगाकर कहा (a)/कि राहुल का दूध (b)/रसोई में गैस के ऊपर रखा है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 1999)*

26. तुष्टीकरण करने की नीति अपनाकर (a)/न व्यक्ति आगे बढ़ सकता है (b)/और न राष्ट्र । (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 1999)*

27. गम्भीर नदियों, विस्तृत सागरों (a)/एवं उत्तुंग पर्वत शृंगों को पार करना भी (b)/ अब कठिन नहीं रहा। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 1999)*

28. अध्यापक ने (a)/आज हमारे को (b)/नया पाठ पढ़ाया। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1999)*

29. मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि (a)/आपके द्वारा इतने परिश्रम से कमाया गया (b)/यह धन आखिर किस काम में आएगा। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 1999)*

30. झगड़ों के कारण (a)/नगर की अधिकतर (b)/दुकानें आज भी (c)/बन्द रहीं। (d). *(बी० एड०, 1999)*

31. बुरा से बुरा आदमी (a)/भी सम्मान (b)/चाहता है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 1999)*

32. आपके इन्हीं गुणों के कारण ही तो लोग (a)/तुम्हारी यशोगाथा का वर्णन करते (b)/अघाते नहीं। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 1999)*

33. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) पिछले सोमवार को स्कूल बन्द है।
(b) पिछले सोमवार को स्कूल बन्द रहेगा।
(c) पिछले सोमवार को स्कूल बन्द होना है।
(d) पिछले सोमवार को स्कूल बन्द था। *(बी० एड०, 1999)*

34. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) उन्हें एक पुत्र है। (b) उनको एक पुत्र है।
(c) उनका एक पुत्र है। (d) उनके एक पुत्र है। *(बी० एड०, 2000)*

35. इधर आजकल (a)/मौसम की वर्षा (b)/हो रही है। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(बी० एड०, 2000)*

36. जिस व्यक्ति की आत्मा (a)/जितनी विशाल है, (b)/वह उतना ही बड़ा महापुरुष है।(c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2000)*

37. पतिव्रता नारी ने इस रहस्य को (a)/अपने हृदय के भीतर ही (b)/ अन्तर्निहित रखा । (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2000)*

38. सेठजी (a)/ बड़े (b)/सज्जन पुरुष हैं। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2000)*

39. मैं सुबह घर से निकल पड़ा (a)/और पैदल ही (b)/अपने दोस्त के गाँव में पहुँच गया। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2000)*

40. राजेन्द्र प्रसाद जी ने अपनी आत्मकथा में (a)/स्वातंत्र्य-संघर्ष का (b)/जीवन्त अंकन किया है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2000)*

41. हड़ताल के प्रस्फुटन से (a)/व्यापारिक संस्थान बंद होने की (b)/ आशंका की जा रही है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2000)*

42. जिस प्रकार आभूषणों के द्वारा (a)/शरीर की शोभा बढ़ जाता है (b)/उसी प्रकार अलंकारों से (c)/भाषा में लालित्य आ जाता है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2001)*

43. शीर्षक को चयन (a)/ करते समय अनुच्छेद में निहित (b)/भावों और विचारों की (c)/ परख कर लेनी चहिए। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2001)*

44. बड़ों की बातों को (a)/ आदर से (b)/ सुनना चहिए। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(बी० एड०, 2001)*

45. अरुणाचल प्रदेश में (a)/प्रातः काल (b)/के समय का दृश्य (c)/ अत्यंत मनोरम होता है।(d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2001)*

46. सीता राम की (a)/आज्ञाकारी (b)/पत्नी थी। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2001)*

47. तुमने अपनी (a)/स्वेच्छा से (b)/यह काम (c)/किया है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2001)*

48. व्यक्ति के हर प्रकार के कष्टों को (a)/वह पल भर में (b)/दूर करती है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2001)*

49. कारगिल (a)/युद्ध में सेना (b)/वीरता के साथ लड़े। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2001)*

50. जब वह (a)/ मेरे घर आई (b)/ तो आठ बजा था। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2001)*

51. मेरी समझ में (a)/अभी तक यही नहीं आया (b)/कि इस बात का (c)/मेरे से क्या संबंध है। (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2001)*

52. मैं (a)/कुछ का कुछ (b)/लिख दिया है (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2002)*

53. मीठे वचन (a)/बोलना (b)/उत्तम गुण है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2002)*

54. उसकी (a)/आँखों से (b)/आँसू (c)/बहते हैं। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2002)*

55. निम्नलिखित में वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) सीता की चरित्र अच्छा है।
(b) सीता का चरित्र अच्छी है।
(c) सीता की चरित्र अच्छी है।
(d) सीता का चरित्र अच्छा है। *(बैंक परीक्षा, 2002)*

56. निम्नलिखित में वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) मैं गाने की कसरत करता हूँ।
(b) मै गाने का अभ्यास करता हूँ।
(c) मैं गाने का शौक कर रहा हूँ।
(d). मैं गाने का व्यायाम कर रहा हूँ। *(बैंक परीक्षा, 2002)*

57. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए—
(a) यह मेरा पुस्तक है।
(b) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
(c) बन्दूक एक उपयोगी शस्त्र है।
(d) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
*(बैंक परीक्षा, 2002)*

58. जो मनुष्य (a)/राष्ट्र-प्रेमी होता है (b)/उसको देश की एक न एक वस्तु से (c)/प्रेम हो जाता है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e).
*(पी० सी० एस०, 2003)*

59. समय का सदुपयोग (a)/द्वारा (b)/मनुष्य देवता (c)/बन जाता है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e).
*(पी० सी० एस०, 2003)*

60. गाँधीजी (a)/पक्के ईश्वर के (b)/भक्त थे। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).
*(पी० सी० एस०, 2003)*

61. शीर्षक को छोटा, (a)/आकर्षक और (b)/विषय से संबद्ध (c)/ रखना चाहिए। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e) *(पी० सी० एस०, 2003)*

62. सांस्कृतिक जागृति (a)/के पीछे (b)/राष्ट्रीय (c)/जागृति आती है। (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e).
*(पी० सी० एस०, 2003)*

63. संसार के (a)/प्रत्येक कोने-कोने (b)/में अनगिनत भाषाएँ (c)/ बोली जाती हैं। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(पी० सी० एस०, 2003)*

64. काव्य की शोभा (a)/अथवा चमत्कार (b)/कभी शब्दों में होता है (c)/और कभी अर्थों में।(d)/ कोई त्रुटि नहीं (e).
*(पी० सी० एस०, 2003)*

65. कृपया आप ही (a)/यह बताने की कृपा करें (b)/कि दिल्ली कब (c)/चलना है। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(पी० सी० एस०, 2003)*

66. विद्यार्थियों ने (a)/ प्राचार्य को (b)/एक गेंदे की (c)/माला पहनाई। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e).

67. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) वह दंड पाने योग्य है। (b) वह दंड लेने योग्य है।
(c) वह दंड के योग्य है। (d) वह दंड देने योग्य है।
*(बी० एड०, 2003)*

68. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) भारत में अनेक जाति हैं। (b) भारत में अनेकों जाति हैं।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) भारत में अनेकों जातियाँ हैं। *(बी० एड०, 2003)*

69. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) उसे अनुत्तीर्ण होने का संशय है।
(b) उसे अनुत्तीर्ण होने का शक है।
(c) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशा है।
(d) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है। *(बी० एड०, 2003)*

70. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) फल बच्चे को काटकर खिलाओ।
(b) बच्चे को काटकर फल खिलाओ।
(c) बच्चे को फल काटकर खिलाओ।
(d) काटकर फल बच्चे को खिलाओ। *(बी० एड०, 2003)*

71. जो नारी अपने कामकाज को (a)/अपने बच्चों से अधिक महत्वाकांक्षी मानती है, (b)/उसे विवाह नहीं करना चाहिए। (c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2003)*

72. उनका परिचय कराते हुए (a)/मैंने कहा कि वे (b)/बहुत ही निकट के (c)/आत्मीय रिश्तेदार हैं। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(रेलवे, 2003)*

73. राम ने अपनी (a)/गलती के लिए (b)/क्षमा (c)/की भीख मांगी। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(बी० एड०, 2004)*

74. धनवान को व्यर्थ (a)/बेकार में (b)/सहायता देकर (c)/ कोई लाभ न होगा। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e). *(बी० एड०, 2004)*

75. मुख्य अतिथि आए (a)/और एक फूलों की माला पहना कर (b)/ उनका स्वागत किया गया।(c)/ कोई त्रुटि नहीं (d). *(रेलवे, 2004)*

76. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(b) आज का अवकाश कृपया देने की कृपा करें।
(c) आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(d) आज का कृपया अवकाश देने की कृपा करें। *(रेलवे, 2004)*

77. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) अधिकारियों ने कागजात का निरीक्षण किया।
(b) अधिकारियों ने कागजात का परीक्षण किया।
(c) अधिकारियों ने कागजात की जाँच की।
(d) अधिकारियो ने कागजात का अन्वेषण किया। *(रेलवे, 2004)*

78. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है।
(b) वन में प्रातःकाल के समय बहुत ही सुहावना दृश्य होती है।
(c) वन में प्रातःकाल के समय बहुत ही मनोहारी दृश्य होता है।
(d) वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही खूबसूरत होता है।
*(रेलवे, 2004)*

79. सच्चा वीर वह है जो कभी (a)/युद्ध से पीठ दिखाकर दौड़ नहीं जाता, (b)/बल्कि शत्रु का डटकर सामना करता है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

80. महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा (a)/के सिद्धांतों की अनेकधा बार (b)/विश्व के गणमान्य नेताओं ने प्रशंसा की। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

81. यह निस्संदेहपूर्वक कहा जा सकता है कि (a)/आत्मकथा लिखना जीवनी लिखने से (b)/भी कठिन काम है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).
*(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

82. आजकल भारत के कारखानों से (a)/एक से एक बढ़कर श्रेष्ठतम वस्तुएँ (b)/बनकर निकल रही हैं। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).
*(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

83. हमें पहले प्राथमिकताएँ तय कर लेनी चाहिए (a)/प्रत्युत अपार धनराशि का व्यय (b)/निरर्थक प्रमाणित होगा। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

84. इस सुलभ मनुष्य-जन्म को पाकर (a)/जो जीवन में आत्मोन्नति के लिए प्रयास नहीं करता, (b)/उसका जन्म लेना ही व्यर्थ है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

85. यह एक पुरानी सामजिक मान्यता (a)/और मानसिकता है कि नारी (b)/अपने पैरों पर खड़ी होकर स्वावलम्बी बनने में अक्षम है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d). *(अनुवादक परीक्षा, 2005)*

86. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए—
(a) बैल और बकरी घास चरती हैं।
(b) बैल और बकरी घास चरते हैं।
(c) बैल और बकरी घास चरता है।
(d) बैल और बकरी घास चरती है। *(प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, 2006)*

87. भिखारी की (a)/दशा से (b)/मुझे दया आ गई। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).

88. संस्मरण लेखक अपने संस्मरणों में (a)/विस्मरणीय क्षणों एवं घटनाओं का (b)/लेखा जोखा अंकित करता है। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).

89. घर के प्रत्येक (a)/सदस्यों से यह (b)/अपेक्षित है कि वे (c)/ सद्भावना से रहें। (d)/कोई त्रुटि नहीं (e).

90. यह जरूरी नहीं है कि (a)/गरीब घर में पैदा होने वाला बालक (b)/आजन्म पर्यन्त गरीब ही रहे। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).

91. डॉक्टर के कहने पर (a)/मैंने शाम सुबह लम्बी सैर (b)/पर जाना शुरू कर दिया। (c)/कोई त्रुटि नहीं (d).

92. क्षमा कीजिए (a)/मैं कल नहीं आ पाऊँगा (b)/क्योंकि मैंने पटना जाना है।(c)/कोई त्रुटि नहीं (d).

93. कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(a) वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है ?
(b) वाह, कितना सुन्दर दृश्य है।
(c) वाह, कितना सुन्दर दृश्य है !
(d) वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है ! *(हरियाणा बी० एड०, 2007)*

94. कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?
(a) 'रामचरितमानस' एक धार्मिक ग्रन्थ है
(b) 'रामचरित मानस' एक धार्मिक ग्रन्थ है
(c) 'राम चरित मानस' एक धार्मिक ग्रन्थ है
(d) रामचरित मानस एक धार्मिक ग्रन्थ है
*(हरियाणा बी० एड०, 20..)*

## उत्तरमाला

1. (d) केवल बीस रुपये थे
2. (c) पर पानी पीते थे
3. (a) राजा दशरथ के
4. (b) आज उसे छपे रूप में देखकर
5. (d) सुनने को मिलते हैं
6. (c) माना जाता है
7. (c) कलेजे पर साँप लोटने लगे
8. (b) तब ईश्वर किसी-न-किसी महापुरुष के रूप में
9. (b) निरपराध का
10. (b) चाँदी के चमचमाते बर्तन
11. (b) जगती तल
12. (d) कोई त्रुटि नहीं
13. (b) वैराग्य भी समय
14. (b) हमें सतत
15. (c)
16. (a) प्रत्येक देशवासी को
17. (a) आतंकवाद एक दिशाहीन
18. (b) तो अपनी पुस्तक
19. (a) साहसी मनुष्य कहता है
20. (c) तितली के सुन्दर पंख
21. (c) एवं भावुक होता है
22. (a) अभिप्रेत का अभिप्राय
23. (c) किन्तु आप घर
24. (b) एकता करने की शक्ति को उजागर करने वाले
25. (b) कि राहुल के लिए दूध
26. (a) तुष्टीकरण की नीति अपनाकर
27. (a) गहरी नदियों, विस्तृत सागरों
28. (b) आज हमें
29. (c) धन आखिर किस काम में आएगा
30. (b) नगर की अधिकांश
31. (a) बुरे से बुरा
32. (b) आपकी यशोगाथा का वर्णन करते
33. (d)
34.
35. (a) यहाँ आजकल
36. (c) वह उतना ही महापुरुष
37. (c) निहित रखा
38. (b) बहुत
39. (b) और पैदल
40. (a) राजेन्द्र प्रसाद जी ने आत्मकथा में
41. (a) हड़ताल के होने से
42. (b) शरीर की शोभा बढ़ जाती है
43. (a) शीर्षक का चयन
44. (b) आदरपूर्वक
45. (c) का दृश्य
46. (b) आज्ञाकारिणी
47. (a) तुमने
48. (a) व्यक्ति के हर प्रकार के कष्ट को
49. (c) वीरता के साथ लड़ी
50. (c) आठ बजे थे
51. (d) मुझ से क्या संबंध है
52. (a) मैंने
53. (d) कोई त्रुटि नहीं
54. (e) कोई त्रुटि नहीं
56. (b)
57. (b)
58. (c) उसे देश की एक-एक वस्तु से
59. (a) समय के सदुपयोग
60. (b) ईश्वर के पक्के
61. (d) होना चाहिए
62. (b) के बाद
63. (b) प्रत्येक कोने
64. (d) और कभी अर्थ में
65. (a) आप ही
66. (c) गेंद की एक
67. (c)
68. (c)
69. (d)
70. (c)
71. (b) अपने बच्चों से अधिक महत्वपूर्ण मानती है
72. (d) रिश्तेदार हैं
73. (d) मांगी
74. (b) 'बेकार में' का प्रयोग अनावश्यक है
75. (b) और फूलों की एक माला पहना कर
76. (c)
77. (c)
78. (a)
79. (b) युद्ध से पीठ दिखाकर भाग नहीं जाता
80. (b) के सिद्धान्तों की अनेकधा
81. (a) यह निस्संदेह कहा जा सकता है कि
82. (b) एक से बढ़कर एक
83. (b) अन्यथा अपार धनराशि का
84. (a) इस दुर्लभ मनुष्य-जन्म को पाकर
85. (c) स्वावलम्बी बनने में अक्षम है
86. (b)
87. (b) दशा पर
88. (b) अविस्मरणीय क्षणों एवं घटनाओं का
89. (a) घर के सभी
90. (c) जीवनपर्यन्त गरीब ही रहे
91. (b) मैंने सुबह शाम लम्बी सैर
92. (c) क्योंकि मुझे पटना जाना है
93. (d)
94. (a)

★ ★ ★